दिन– गुरूवार दिनांक– 02/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान आज बिहार के नये राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

02. भारतीय ओलंपिक संघ ने बिहार ओलंपिक संघ को भंग किया। हॉकी बिहार की भी मान्यता रद्द।

03. स्थानीय निकायों के नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा लेने वाली एजेंसी ब्लैक लिस्ट। शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश।

04. और, सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में जन जीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिन तक तापमान में और गिरावट की संभावना।

————————————————————————————

नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान आज बिहार के नये राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चन्द्रन श्री खान को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। इस समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

————————————————————————————

भारतीय ओलंपिक संघ–आईओए ने बिहार ओलंपिक संघ को भंग कर दिया है। आईओए ने जांच समिति के अध्यक्ष हेंमता कुमार कलिता की सिफारिशों के आधार पर यह कार्रवाई की है। आईओए ने पांच सदस्यीय तदर्थ कमिटी गठित की है। और ब्योरा हमारी संवाददाता से––

–––रिपोर्ट–––

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला सिंह को इस तदर्थ कमिटी का चेयरमैन बनाया गया है। इस कमिटी का कार्यकाल इकतीस मार्च दो हजार पच्चीस तक होगा। यह कमिटी इस वर्ष दस अप्रैल को आईओए को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इधर, हॉकी इंडिया ने हॉकी बिहार की मान्यता भी रद्द कर दी है। इस संबंध में हॉकी इंडिया ने हॉकी बिहार को पत्र जारी कर दिया है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने अपने पत्र में कहा है कि राजगीर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप के आयोजन में हॉकी बिहार के महासचिव मुश्ताक अहमद ने कोई

सहयोग नहीं दिया था। इससे प्रदेश में हॉकी को बढ़ावा देने के लिए हॉकी इंडिया के प्रयासों पर प्रभाव पड़ा है। इसके लिए हॉकी बिहार को शोकॉज नोटिस जारी कर सात दिनों के अंदर जवाब मांगा गया था। लेकिन हॉकी बिहार की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से डॉ. सविता पारीक।

———————————————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने नया साल किसानों को समर्पित किया है। नई दिल्ली में श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए तीन बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि दो हजार चौबीस–पच्चीस में भारत के कृषि तथा संबद्ध क्षेत्र में साढ़े तीन से चार प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

———बाईट———

चावल की कीमत किसान की ठीक मिले इसलिए मिनी एक्पोर्ट प्राइज़ जो लगाई गई थी वह हटा दी गई है। चावल के एक्सपोर्ट को अनुमति दी गई और आज भारत के सहकारिता मंत्रालय और इंडोनेशिया के व्यापार मंत्रालय के बीच गैर–बासमती सफेद चावल के व्यापार पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ है और इंडोनेशिया को भारत एक मिलियन मीट्रिक टन गैर–बासमती सफेद चावल निर्यात करेगा। निर्यात के कारण भी चावल के रैट बेहतर होंगे और किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों के बारें में श्री मोदी ने कहा कि दो हजार पच्चीस की पहली कैबिनेट बैठक किसानों की खुशहाली बढ़ाने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि देश को अपने किसानों पर गर्व है जो कड़ी मेहनत करके पूरे राष्ट्र का पेट भरते हैं।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा लेने वाली एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ के आदेश पर यह कार्रवाई की गयी है। विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि चेन्नई की मेसर्स सिफी डिजिटल सर्विस लिमिटेड द्वारा विभाग के साथ किये गए एकरारनामे को तत्काल प्रभावसे रद्द किया गया है। आदेश में कहा गया है कि स्थानीय निकाय के शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा दो हजार चौबीस में इस एजेंसी की ओर से प्रश्न पत्रों की पुनरावृति समेत कई अन्य विसंगतियां पायी गयी थी।

———————————————————————————

गृह विभाग ने नये आपराधिक कूनन के तहत कांडों के अनुसंधान को लेकर अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारियों को लैपटॉप और स्मार्ट फोन सवयं खरीदने का आदेश जारी किया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि खरीदारी का बिल जमा करने के बाद अधिकारियों को लैपटॉप और स्मार्ट फोन की राशि मिलेगी। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

गृह विभाग के दिशा–निर्देश के अनुसार लैपटॉप की खरीद के लिए साठ हजार और स्मार्ट फोन के लिए बीस हजार रूपये की राशि का भुगतान होगा। नये आपराधिक कानून में घटना स्थल का वीडियो बनाने के साथ पीड़ित और प्रत्यक्षदर्शी का ऑडियो–वीडियो में बयान दर्ज करना अनिवार्य है। इसके अलावा अनुसंधान पुलिस अधिकारियों को ई–साक्ष्य एप पर केस से जुड़े साक्ष्य को अपलोड करना होगा। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से अमरनाथ प्रसाद।

————————————————————————————————

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के छह अधिकारियों को प्रोन्नति दी है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार प्रधान सचिव स्तर में एक, विशेष सचिव स्तर में दो और सचिव स्तर में तीन अधिकारियों को प्रोन्नत किया गया है। ये सभी अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। विभाग के अनुसार केंद्रीय पेयजल और स्वच्छता विभाग के सचिव जितेन्द्र श्रीवास्तव को प्रधान सचिव के वेतनमान में प्रोन्नति दी गयी है। प्रोन्नति पाने वालों में आईएस अधिकारी साकेत कुमार, रमन कुमार, एम. रामचंद्रुडु भी शामिल हैं।

————————————————————————————————

पिछले वर्ष दिसंबर महीने में कुल वस्तु और सेवाकर– जीएसटी संग्रह में, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में सात दशमलव तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह एक लाख तिहत्तर करोड़ से अधिक हो गया। दिसंबर दो हजार तेईस में सकल जीएसटी राजस्व एक लाख चौंसठ हजार करोड़ रुपये था। पिछले वर्ष दिसंबर में केंद्रीय जीएसटी संग्रह बत्तीस हजार आठ सौ छत्तीस करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी संग्रह चालीस हजार चार सौ निन्यानवे करोड़ रुपये रहा। एकीकृत वस्तु और सेवा कर संग्रह सैंतालीस हजार सात सौ तिरासी करोड़ रुपये और उपकर ग्यारह हजार चार सौ इकहत्तर करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष नवम्बर में सकल जीएसटी संग्रह में साढ़े आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और यह एक लाख बयासी हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा था।

————————————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कमी का सिलसिला जारी है। कड़ाके की ठंड से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यूनतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान में दस डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी हो सकती है। जिससे लोगों को ठंड से आंशिक राहत मिलेगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ मोतीहारी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान ग्यारह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

——————————————————————————

अत्यधिक ठंड को देखते हुए पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों के संचालन के समय में बदलाव के आदेश दिए हैं। इसके अनुसार स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों पर सुबह नौ बजे के पहले और शाम चार बजे के बाद प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश आज से छह जनवरी तक प्रभावी होगा। प्री–स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र भी इस आदेश के तहत संचालित होंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि प्री–बोर्ड और बोर्ड की परीक्षा के लिए संचालित किये जाने वाली विशेष कक्षाओं और परीक्षाओं का संचालन इस आदेश से मुक्त रहेगा।

——————————————————————————

एयर इंडिया ने घरेलू उड़ानों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सेवा शुरू करने की घोषणा की है। एयर इंडिया अब कुछ चुनिंदा उड़ानों में वाई–फाई की सुविधा उपलब्ध करायेगी। यात्री वाई–फाई का उपयोग तभी कर पायेंगे, जब विमान दस हजार फीट की ऊंचाई पर पहुंचेगा। इसके साथ एयर इंडिया देश के भीतर घरेलू उड़ानों में यह सुविधा देने वाली पहली भारतीय एयर लाईन बन गयी है।

——————————————————————————

सार्वजनिक तेल कंपनियों ने व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कीमतों में चौहह रूपये पचास पैसे की कटौती की है। इस कटौती के बाद पटना में व्यवसायिक सिलेंडर की नई कीमत दो हजार तिहत्तर रूपये हो गयी है। इससे पहले इसकी कीमत दो हजार

सत्तासी रूपये पचास पैसे थी। वहीं, घरेलू एलपीजी सिलेंड की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

———————————————————————————

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए दानापुर—सिकंदराबाद और रक्सौल—सिकंदराबाद समेत आठ स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। इधर, आज से पटना—जसीडिह समेत सात ट्रनों का ठहराव चंपापुर हॉल्ट और सालिमपुर स्टेशन पर किया गया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि पटना—मोकामा मेमू ट्रेन का करौटा स्टेशन पर अस्थायी ठहराव को इकतीस मार्च तक विस्तारित किया गया है।

———————————————————————————

प्रदेश के मद्य निषेध मंत्री और सोनबरसा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रत्नेश सदा सड़क हादसे में घायल हो गए। श्री सदा सहरसा के महिषि थाना क्षेत्र अंतर्गत अपने गांव बलिया सिमर में टहलने के दौरान कल एक अनियंत्रित ऑटो रिक्शा के चपेट में आ गए।

———————————————————————————

पूर्णिया में नशा के विरूद्ध कार्रवाई में पुलिस ने जिले के सहायक खजांची थाना क्षेत्र से दो व्यक्तियों को दो हजार आठ सौ चौरानवे बोतल कोडिनयुक्त कफ सिरप के के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के अलग—अलग थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रुप से घायल हो गए।

———————————————————————————

राज्य शिक्षा शोध और प्रशिक्षण परिषद ने दूरस्थ शिक्षा कोर्स की विशेष परीक्षा के लिये आवेदन तिथि में विस्तार किया है। यह परीक्षा अब चार जनवरी को होगी। इससे पहले इस यह तिथि तीस दिसंबर तक निर्धारित थी।

———————————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में आज से नौ जनवरी तक खेल सप्ताह मनाया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षक और कर्मी भी शामिल होंगे। शिक्षा विभाग

की सचिव वैद्यनाथ यादव ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किये हैं।

———————————————————————————————

केरल में आयोजित पैंतीसवीं सीनियर राष्ट्रीय तलबारबाजी चैंपियनशिप में बिहार के आकाश कुमार ने रजत पदक जीता है। आकाश बिहार के सारण जिले के रहने वाले हैं।

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय लॉन बॉल चैंपियनशिप में बिहार के जमील अहमद ने कांस्य पदक प्राप्त किया है।

———————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार में पछुआ हवा के प्रभाव से आठ डिग्री पारा गिरा, ठिठुरन बढ़ी।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – बर्फीली हवाओं ने बिहार को दिन में भी कपाया, अभी नहीं होंगे सूरज के दर्शन।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है – नये वर्ष पर दर्शन के लिए देवालयों में उमड़ा श्रद्धा का समंदर। पांच लाख से अधिक भक्तों ने पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर और इस्कॉन में नवाया शीश। अखबार लिखता है। एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने तख्त श्रीहरिमंदिर जी पटना साहिब गुरूद्वारा में मत्था टेका।

**दैनिक भास्कर** का शीर्षक है – जमीन की बिक्री होने पर तत्काल घटेगा रकबा, आवेदन जरूरी नहीं। यूपी–एमपी जैसी बिहार में ऑनलाइन जमाबंदी।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान आज बिहार के नये राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

02. भारतीय ओलंपिक संघ ने बिहार ओलंपिक संघ को भंग किया। हॉकी बिहार की भी मान्यता रद्द।

03. स्थानीय निकायों के नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा लेने वाली एजेंसी ब्लैक लिस्ट। शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश।

04. और, सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में जन जीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिन तक तापमान में और गिरावट की संभावना।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।